**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding redressal of grievances of opium poppy crop growers of Rajasthan -laid.

**श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर):** राजस्थान के भीलवाड़ा व चितौड़गढ़,उदयपुर सहित मेवाड़ क्षेत्र के अफीम उत्पादक किसानों की समस्या व मांगो की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए किसानों की मंशा के अनुरूप मार्फिन के नियम को हटाया जाए क्योंकि इस नियम के हटने से ही किसानों को बराबर बारी में पट्टे मिलेंगे,साथ ही जिस डोडे का सरकार खेतो में डिस्पोजल करवाती है उसका मुवावजा किसानों को दिया जाये व दवाई आदि में काम आने वाले अफीम के उत्पाद कोडिन फॉस्फेट का विदेश से आयात बंद करके उसे भारत मे ही अत्याधुनिक मशीनें लगाकर इसके उत्पाद बनाये जाए ताकि अफीम उत्पादक किसानों को सही भाव मिल सके साथ ही 1998 के बाद जिन किसानों के अफीम के पट्टे निरस्त किये गए हैं, उन्हें वापिस पट्टे देकर और नए पट्टे मेवाड़ क्षेत्र के किसानों को दिए जाएं व अफीम तोल का परिणाम तुरन्त किसानों को वहीं देना चाहिए जहां तोल किया जाता है I

__________

-